

# 15 कितनी चोटी हैं?

## नाम में अक्षर




अपने दोस्तों



से कहो कि वे अपना नाम एक पन्ने पर लिखें।

## *पता करो*

(क) एक ही अक्षर से समाप्त होने वाले नामों की संख्या। ______

(ख) ऐसा अक्षर जिससे कोई नाम शुरू नहीं होता। ______

(ग) एक ही अक्षर से शुरू होने वाले नामों की संख्या। ______







## फलवाला

फलवाले के पास तुम्हारे लिए बहुत से फल हैं। देखो और पता करो कि उसके पास कौन-कौन से फल हैं?

not to be republished © NCERT

## *गिनो और लिखो*

| *फल* | *फलों की संख्या* |
|---|---|
|  | |
|  | |
|  | |




## **केश सज्जा**



माला स्कूल जा रही है।




उसकी माँ ने उसके बाल बनाए हैं।

माला की दो चोटी हैं।




अपनी कक्षा के बच्चों को ध्यान से देखो।


सभी बच्चे अपने बाल अलग-अलग तरीकों से बनाते हैं।




ध्यान से देखो और लिखो –



| *केश सज्जा* | *बच्चों की संख्या* |
|---|---|
|  | |
|  | |
|  | |


पता करो और खाली स्थान भरो –


(क)  तरीके के बालों वाले बच्चों की संख्या  वाले बच्चों से ———— है। (कम/ज़्यादा)

(ख) ———— बच्चों के बाल  हैं।

## जूते का नंबर

अपनी कक्षा के बच्चों के पैर देखो। सबने  जूते,  चप्पल या  सैंडल पहने हुए हैं।

जूतों या चप्पलों का तला  देखो।

 तलों पर एक नंबर होता है। यह तुम्हारे जूते का नाप है।

इस तालिका को भरो

| *जूते का नाप*  | *बच्चों की संख्या* |
|---|---|
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| | |
| | |

© NCERT not to be republished

## पता लगाओ

(क) कितने बच्चों के जूतों का नाप (9) है? ________ बच्चे

(ख) (11) नाप वाले जूते ________ बच्चों के हैं।

(ग) अधिकतर बच्चों के जूतों का नाप ◯ है।

(घ) ◯ नाप के जूते सबसे कम बच्चों के पास हैं।

## पीने का पानी



हम रोज़ पानी पीते हैं।

अपने दोस्तों से पूछो कि वे एक दिन में कितने गिलास पानी पीते हैं और नीचे लिखो।

| कितने गिलास पानी | बच्चों की संख्या |
|---|---|
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |

### *पता लगाओ*

(क)  गिलास पानी पीने वाले बच्चों की संख्या ____________ है।

(ख)  गिलास पानी ___________ बच्चे पीते हैं।

(ग)  गिलास पानी पीने वाले बच्चों की संख्या  गिलास पानी पीने वाले बच्चों से ____________ है। (कम/ ज़्यादा)

© NCERT not to be republished

## तुम्हारे मनपसंद रंग



तुम्हारे चारों ओर बहुत सारे रंग हैं।

अपने दोस्तों से पूछो कि उन्हें कौन–सा रंग सबसे ज़्यादा पसंद है।

कितने बच्चों को पीला रंग पसंद है? उनकी संख्या नीचे दी गई तालिका में लिखो। इसी तरह तालिका को दूसरे रंगों के लिए पूरा करो।

| *पसंदीदा रंग* | *बच्चों की संख्या* |
|---|---|
| (पीला रंग) पीला | |
| (लाल रंग) | |
| (नीला रंग) | |
| (हरा रंग) | |

### *पता लगाओ*

(क) ज़्यादातर बच्चों को ☐ रंग पसंद है।

(ख) ☐ रंग पसंद करने वाले बच्चों की संख्या ☐ रंग पसंद करने वाले बच्चों से अधिक है।

(ग) ☐ रंग पसंद करने वाले बच्चों की संख्या ☐ रंग पसंद करने वाले बच्चों से कम है।

बच्चों को छोटे समूहों में एक–दूसरे से बातचीत करने तथा जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित कीजिए। बच्चों को तालिका में स्वयं जानकारी भरने दीजिए तथा 'पता लगाओ' के प्रश्नों के उत्तर ढूँढ़ने दीजिए।

© NCERT not to be republished